प्रेसविज्ञप्ति/ PRESS RELEASE 14.09.2023

सप्लाई चेन फाइनेंस के लिए इंडियन बैंक और मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के बीच साझेदारी

चेन्नै, 14 सितंबर 2023: इंडियन बैंक ने आज मेसर्स मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत, बैंक अपने डिजिटल एससीएफ प्लेटफॉर्म के माध्यम से एमएसआईएल के अधिकृत डीलरों को इन्वेंट्री वित्तपोषण सोल्यूशन प्रदान करेगा।

इस एमओयू पर, इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री आशुतोष चौधरी, सीएमएस वर्टिकल हेड श्री सौरभ डालमिया और सप्लाई-चेन फाइनेंस के उप महाप्रबंधक श्री मनोरंजन उपाध्याय तथा एमएसआईएल में संबद्ध व्यवसाय के सेल्स एंड नेटवर्क के कार्यकारी उपाध्यक्ष श्री भुवन धीर व महाप्रबंधक श्री विशाल शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर बोलते हुए, इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री आशुतोष चौधरी ने कहा, “ऑटोमोटिव क्षेत्र में एक घरेलू नाम और मार्केट लीडर एमएसआईएल के साथ साझेदारी करके हम बहुत खुश हैं। 5808 शाखा तंत्र एवं 10 करोड़ से अधिक ग्राहकों के भरोसे वाला इंडियन बैंक एमएसआईएल की तीव्र विकास यात्रा में उन्हें सोल्युशन प्रदान करने के लिए अच्छी स्थिति में है। इंडियन बैंक का सप्लाई-चेन फाइनेंस, एमएसआईएल के डीलरों को उनके व्यवसाय के विकास हेतु अनुकूल शर्तों पर कार्यशील पूंजी वित्त प्रदान करेगा।

सीएमएस वर्टिकल हेड श्री सौरभ डालमिया ने बताया कि इंडियन बैंक का सप्लाई-चेन फाइनेंस प्लेटफॉर्म एमएसआईएल के डीलरों को डिजिटल रूप से स्टॉक फंडिंग का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा। यह एमएसआईएल के डीलरों को सुविधानक एवं पारदर्शी रूप से लेनदेन, पुनर्भुगतान, बकाया, ब्याज और शुल्क को ट्रैक करने और उनका समाधान करने में सक्षम बनाएगा।

साझेदारी पर बोलते हुए, एमएसआईएल में विपणन व बिक्री के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी श्री शशांक श्रीवास्तव ने बताया, “हमें डीलर भागीदारों के अपने विशाल तंत्र पर गर्व है जो हमारे व्यवसाय की रीढ़ हैं और हर संभव समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंडियन बैंक के साथ यह गठबंधन ग्राहकों को कार खरीदने का सहज अनुभव सुनिश्चित करेगा और डीलर भागीदारों के साथ संबंध मजबूत करेगा। हम इन्वेंट्री फंडिंग के विशेष वित्तपोषण सोल्युशन के लिए इंडियन बैंक के साथ हाथ मिलाने को लेकर उत्साहित हैं। हमारा लक्ष्य, देश भर में हमारे डीलर भागीदारों के लिए वैयक्तिक ऑफ़र और एंड-टू-एंड कार्यशील पूंजी समाधान विकसित करने में इंडियन बैंक के साथ मिलकर काम करना है।

एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर, इंडियन बैंक द्वारा अपने डिजिटल एससीएफ प्लेटफॉर्म के माध्यम से एमएसएमई ऋण देने की बेहतर सुविधा की दिशा में एक और बड़ा कदम है।